मेरा ये कदम देखकर फैंस हुए खुश, बैसाखी लेकर चल रहे राहुल द्रविड़ दिग्गज का हाल जानने पहुंचे। - **महेन्द्र सिंह धोनी**

भारतीय बल्लेबाज, राजस्थान रॉयल्स के हेड के पैर में लगी जुटो के बारे में पूछने पर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर स्लो ओवर रेट के लिए ने 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ने 30 मार्च को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सीजन का 11वां मैच खेला था। इसमें राजस्थान की टीम दूसरी पारी में फिल्डिंग करने उतरी थी। टीम निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी। इसके बाद भी राजस्थान ने अपनी पहली जीत दर्ज कर ली थी। टीम ने को 6 रन से हराया था। हार्दिक पांड्या पर भी लगा था जुर्माना यह 2025 का दूसरा स्लो ओवर रेट का मामला है।

क्या आप जानते हैं ?... वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जोएल गार्नर ने 1977 से 1987 के बीच 98 वनडे मैच खेले।

मुंबई ने 2025 में पहला मैच जीता

कोलकाता को 8 विकेट से हराया, अश्विनी कुमार को 4 विकेट, रायन रिकेलटन की फिप्पी

मुंबई, 31 मार्च। मुंबई इंडियंस ने 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हरा दिया। टीम ने 117 रन का टारगेट 12.5 ओवर में चेज कर लिया। रायन रिकेलटन 62 और सूर्यकुमार यादव 27 रन बनाकर नाबाद लौटे। रोहित शर्मा ने 13 और विल जैक्स ने 16 रन बनाए। दोनों को आंद्रे रसेल ने आउट किया।

वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार को मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 16.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। से डेब्यू कर रहे अश्विनी कुमार ने 3 ओवर में 4 विकेट लिए। वे डेब्यू मैच में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने।

अश्विनी के अलावा दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। ट्रेंट बोल्ट, हार्दिक पंड्या, विग्नेश पुथुर और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला। कोलकाता से अंगकृष रघुवंशी ने सबसे ज्यादा 26 और रमनदीप सिंह ने 22 रन बनाए।

कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती। इम्पैक्ट: मनीष पांडे।

मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार और विग्नेश पुथुर। इम्पैक्ट: रोहित शर्मा।

रसेल को दूसरा विकेट, विल जैक्स 16 रन बनाकर आउट : 11वें ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। विल जैक्स 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आंद्रे रसेल ने अंजिक्य रहाणे के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। छठे ओवर में मुंबई ने पहला विकेट गंवाया। यहां रोहित शर्मा 13 रन बनाकर आउट हुए।

पंजाब की बदशाहत को चुनौती देने को तैयार पंत की सेना

लखनऊ, 31 मार्च। उत्साही कप्तान ऋषभ पंत की अगुवाई में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) मंगलवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) पर जीत दर्ज कराने के इरादे से अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर उतरेगी।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मैच में लखनऊ के निकोलस पूरन की धमाकेदार फॉर्म और पंजाब के श्रेयस अय्यर की कप्तानी की झलक देखने को मिलेगी। दोनों टीमों ने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। पूरन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में 250 से अधिक रन बनाए हैं और अकेले दम पर एलएसजी के लिए मैच का रुख बदला है। इस बीच, अय्यर की कप्तानी और पीबीकेएस के शुरुआती मैच में 42 गेंदों पर नाबाद 97 रन ने उनके अभियान को एक नया आयाम दिया है। दोनों टीमें अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हैं, ऐसे में यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। लखनऊ ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट से मिली हार के बाद जोरदार वापसी की और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल की। दूसरी ओर, पंजाब ने अपने अभियान की शुरुआत गुजरात टाइटन्स पर शानदार जीत के साथ की। पूरन के अलावा, मिशेल मार्श ने उनकी हालिया जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने एलएसजी के लिए 31 गेंदों पर 52 रनों की ठोस पारी खेली। ऋषभ पंत और डेविड मिलर अभी तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं, लेकिन मैच जिताने वाली पारी खेलने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर ने दो मैचों में छह विकेट लेकर अगुआई की है।

युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने पिछले मैच में प्रभावित किया, जबकि रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में अहम खतरा बने हुए हैं। अय्यर की अगुआई में पंजाब की बल्लेबाजी मजबूत दिख रही है। प्रियांश आर्य और शशांक सिंह ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेली। गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह और मार्को जेनसन से आक्रमण की अगुआई करने की उम्मीद है। युजवेंद्र चहल लखनऊ की पिच पर अहम भूमिका निभाएंगे, जो बीच के ओवरों में स्पिनरों के लिए अनुकूल है। लखनऊ स्टेडियम में संतुलित सतह होने की उम्मीद है, जिसमें स्पिनर बीच के ओवरों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, हालाँकि मैच में बाद में ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को फ़ायदा हो सकता है। मौसम का पूर्वानुमान गर्म और आर्द्र परिस्थितियों का संकेत देता है, बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। दोनों टीमों ने टूर्नामेंट के शुरुआती चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन पंजाब अपने समग्र संतुलन और बल्लेबाजी की गहराई के कारण थोड़ा आगे नज़र आता है।

पंजाब की मारक क्षमता का मुकाबला करने के लिए लखनऊ की गेंदबाजी इकाई को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टीमें: पंजाब किंग्स: निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आयुष बदोनी, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, दिग्वेश राठी, प्रिंस यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जानसेन, अर्शदीप सिंह। युजवेंद्र चहल, नेहल वढेरा (इम्पैक्ट प्लेयर)। लखनऊ सुपर जाइंट्स: हिम्मत सिंह, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आयुष बडोनी, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, अर्शिन कुलकर्णी, युवराज चौधरी, शाहबाज अहमद, आरएस हंगरगेकर, शार्दुल ठाकुर, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, आर्यन जुयाल, ऋषभ पंत (कप्तान), रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, शमर जोसेफ, अवेश खान, प्रिंस यादव, आकाश महाराज सिंह, दिग्वेश सिंह राठी।

आरसीबी बनी इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली आईपीएल टीम

नई दिल्ली, 31 मार्च। आईपीएल का 18वां सीजन अभी तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी के लिए अच्छा साबित हुआ है। पिछले 17 सालों से खिताब के लिए तरस रही आरसीबी ने अभी तक खेले गए मुकाबलों में केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स को हराया है। जिसके बाद पॉइंट्स टेबल पर टीम सबसे टॉप पर है। वहीं आरसीबी ने जहां सीएसके को मुकाबले में हराया उसके कुछ दिन बाद ही आरसीबी ने एक और मामले में चेन्नई सुपर किंग्स को पछाड़ दिया है। दरअसल, आरसीबी ने सीएसके को इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में भी पछाड़ दिया है। इस आईपीएल फ्रेंचाइजी के अब 17.8 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं और वो अब नंबर 1 आईपीएल फ्रेंचाइजी बन गई है।

बता दें कि, इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में आरसीबी ने चेन्नई को पछाड़ दिया है। जहां आरसीबी के अब 17.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं वहीं चेन्नई के मिलियन फॉलोअर्स हैं। दोनों ही टीमें पहले और दूसरे नंबर पर काबिज हैं। आरसीबी की लोकप्रियता में बढ़ोतरी आईपीएल सीज़न के आठवें मैच में सीएसके पर उनकी ऐतिहासिक जीत से हुई। रजत पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी ने चेपॉक में 50 रनों की बेहतरीन जीत हासिल की, जो 2008 में आईपीएल के पहले सीजन के बाद चेन्नई के इस मैदान पर उनकी पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत ने 17 साल के इंतजार को खत्म कर सीएसके को उसी के घर में हराया। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में कप्तान रजत पाटीदार ने आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई। जिस कारण टीम 7 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाने में कामयाब हुई।

केकेआर के खिलाफ अंकतालिका में अपनी स्थिति सुधारने उतरेगी मुंबई इंडियंस

नई दिल्ली, 31 मार्च। आज मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2025 का 12वां मुकाबला खेला जाएगा। ये मैच मुंबई के वानखेड़े में शाम 7.30 बजे से खेला जाना है। वहीं इस मुकाबले से मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच जीतना चाहेगी। ने अभी तक दो मैच खेले हैं जिसमें उसे हार झेलनी पड़ी है। अंक तालिका में भी मुंबई सबसे फिसड्डी टीम है जो कि टेबल में सबसे नीचे है। वहीं दूसरी तरफ अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में केकेआर अपनी दूसरी जीत हासिल करना चाहेगी। वहीं दोनों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो, मुंबई इंडियंस 23-11 से आगे चल रही है। लेकिन पिछले 6 मुकाबलों में कोलकाता ने मुंबई को 5 बार धूल चटाई है। ऐसे में आज मुंबई इंडियंस को संभलकर कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करना पड़ेगा। वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल के आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां सबसे बड़ा टीम स्कोर 235/1 है, जो आरसीबी ने एमआई के खिलाफ 2015 में बनाया था। सबसे कम टीम स्कोर 67/10 है, जो केकेआर ने एमआई के खिलाफ 2010 में बनाया था। वानखेड़े स्टेडियम की पिच हमेशा से ही बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। यहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है, जिससे बल्लेबाजों को स्ट्रोक लगाने में आसानी होती है। छोटी बाउंड्री होने के कारण छक्के और चौके लगाना भी आसान होता है। हालांकि, गेंदबाजों को भी निराश होने की जरूरत नहीं है। अगर वे सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करते हैं, तो उन्हें भी विकेट मिल सकते हैं। स्पिन गेंदबाजों को भी पिच से कुछ मदद मिल सकती है।

चोटिल उस्मान न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर

हेमिल्टन, 31 मार्च। पाकिस्तान के बल्लेबाज उस्मान खान चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से जारी बयान के अनुसार सलामी बल्लेबाज उस्मान खान नेपियर के मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गये थे एमआरआई स्कैन में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। जिसके कारण वह दो अप्रैल को हैमिल्टन के सेडन पार्क में होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। उस्मान पहले एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने पहले एकदिवसीय पदार्पण मैच में 33 गेंदों पर 39 रन बनाये थे। हेमिल्टन में बुधवार को दूसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा।

संगम यूनिवर्सिटी के छात्र राष्ट्रीय विजेता

भीलवाडा, 31 मार्च। संगम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय बिजनेस सिमुलेशन गेम्स प्रतियोगिता में विजेता और रनर-अप का खिताब जीतकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का नाम रोशन किया।प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एमआईटी-पुणे, डीबीएस-दिल्ली, आरआईटी-रुड़की, एएसबी-हैदराबाद, एसबीएस-अहमदाबाद, जेजीआई-बेंगलुरु, एलएनसीटी-भोपाल सहित 150 से अधिक महाविद्यालय-विश्वविद्यालयों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।राष्ट्रीय विजेता टीम में नवांश जागेटिया, प्रियांशु राठी, नीति व्यास रहे उपविजेता टीम में नंदिनी टिबरेवाल, कुमकुम शर्मा, आर्यन साहनी और दीपक यादव रहे टीम मैनेजर निकिता राठौड के साथ फाइनल में रुद्र सिंह और योगेश यादव ने भी शानदार प्रदर्शन किया।ऐतिहासिक जीत पर संगम ग्रुप के चेयरमैन श्री रामपाल सोनी ने छात्रों को शुभकामनायें दी संगम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे असाधारण रणनीतिक और विश्लेषणात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन बताया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पिछले 2 सालों से लगातार छात्रों के प्रशिक्षण और मेहनत को दिया।गौरतलब है की प्रो. करुणेश सक्सेना के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के छात्रों ने विगत वर्षों में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता रही हैं छात्रों का प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्यिमता के उपनिदेशक डॉ. मनोज कुमावत के निर्देशन में हुआ। उन्होंने बताया कि दो महीने से चली इस प्रतियोगिता में 11 क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से 850 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिनमें से केवल 80 टीमें सेमीफाइनल तक पहुंचीं और फाइनल में 20 टीमों के बीच मुकाबला हुआ।

भारत ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में जीते 10 पदक

अम्मान, 31 मार्च। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते।

जॉर्डन के अम्मान में चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को फ्री स्टाइल कुश्ती के पांच भार वर्गों में मुकाबलों में दो भारतीय पहलवान उदित (61 किग्रा) और दीपक पुनिया (92 किग्रा) फाइनल में पहुंचे। दो अन्य मुकुल दहिया (86 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की।92 किग्रा के फाइनल मुकाबले में दो बार के एशियन चैंपियन ईरान के अमीर हुसैन फिरोजपुर के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर दीपक पूनिया 10-0 से हार गए। चैंपियनशिप में दीपक पूनिया का पांचवां पदक था। उन्होंने तीन रजत, दो कांस्य सहित कुल पदक जीते हैं। पूनिया के पिछले सभी पदक 86 किग्रा वर्ग में आए थे। फाइनल में पहुंचने से पहले दीपक पूनिया ने मुश्किल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के बेकजात राखिमोव को 12-7 से हराया था। इसके बाद जापान के ताकाशी इशिगुरो को 8-1 के खिलाफ आसान जीत दर्ज की।वहीं एक अन्य मुकाबले में भारतीय पहलवान उदित को 61 किग्रा के फाइनल में जापानी पहलवान सुदा ताकारा से 6-4 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

उदित ने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजर उलु को 9-6 और चीन के वानहाओ जोउ को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी।भारतीय पहवालन दिनेश जो कि 125 किग्रा के सेमीफाइनल में मंगोलिया के मुंखतुर लखगवागेरेल से हार गए थे। उन्होंने अपने मौके का पूरा फायदा उठाया और तुर्कमेनिस्तान के जियामुहम्मत सपारोव को 14-12 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

धोनी की लाइटनिंग स्टंपिंग से राणा आउट

रियान का एक हाथ से शानदार कैच

विजयशंक ने पकड़ा हकरंगा का डाइविंग कैच

गुवाहाटी, 31 मार्च । राजस्थान रॉयल्स ने -18 के 11वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 रन से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट

स्टेडियम में के नीतीश राणा के 81 रन की बदौलत को 183 रन का टारगेट दिया। रविवार को वनिंदू हसरंगा ने 4 विकेट लिए, जिससे चेन्नई 6 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। टीम से कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने फिफ्टी लगाई।

अचानक टीम छोड़कर संजू सैमसन बैंगलोर पहुंचे

नई दिल्ली, 31 मार्च। राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन अंगूठे में चोट के कारण पिछले तीन मैच से इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेल रहे हैं। वह इस दौरान न टीम की कप्तानी कर रहे हैं न ही विकेटकीपिंग। अब वह सोमवार को विकेटकीपिंग करने की अनुमति लेने के लिए बेंगलुरु में स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं।

क्रिकबज की खबर के मुताबिक सैमसन का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्पोर्ट साइंस विंग में टेस्ट होगा, इसके बाद अगर उन्हें अनुमति मिलेगी तो वह कप्तान के तौर पर टीम में वापसी करेंगे। साथ ही विकेटकीपर की भूमिका भी निभाएंगे।

सैमसन की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी रियान पराग कर रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मुकाबले खेले हैं। जिसमें से टीम को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। राजस्थान अपने शुरुआती दो मैच सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स से हारी थी। इसके बाद रविवार को उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर इस सीजन में जीत का खाता खोला है।

सैमसन ने इस दौरान हैदराबाद के खिलाफ 66, केकेआर के खिलाफ 13 और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 20 रन बनाए थे। सैमसन की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल टीम के लिए विकेटकीपिंग की भूमिका निभा रहे थे। सैमसन को वहीं उम्मीद होगी कि उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से विकेटकीपिंग करने के लिए अनुमति मिल जाए। राजस्थान अपना अगला मैच 5 अप्रैल को खेलेगी। जहां उनका सामना पंजाब किंग्स से होगा।

जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल में राजस्थान ने जीता कांस्य पदक

लखनऊ में सम्पन्न हुई चैम्पियनशिप

जयपुर, 31 मार्च। राजस्थान की बालिका हैंडबॉल खिलाडिय़ों ने लखनऊ में सम्पन्न 47वीं जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रर्दशन करते हुये सयुंक्त रुप से तीसरे स्थान पर रहते हुये कांस्य पदक जीता। राजस्थान व महाराष्ट्र संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता की विजेता मेजबान उत्तर प्रदेश रही। जबकि दूसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश रही। यह प्रतियोगिता लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 26 से 30 मार्च तक तक खेली गई थी। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव श्री यश प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान ने अपने लीग मैचों में उड़ीसा को 25-05 व जम्मू कश्मीर को 21-05 से हराया प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने गुजरात को 21-17 (08-08) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जहां राजस्थान ने दिल्ली को 25-17 (14-07) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफ़ाइनल में हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान को 20-16 (08-07) से हराया।

राजस्थान टीम के कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की हैंडबॉल प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत थे। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष हरीश धनदेव व मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने कहा कि यह प्रदेश के लिए गौरव का पल है। पूरे प्रदेश के हैंडबॉल खिलाड़ियों, पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों आदि हर्ष की लहर है। टीम की जीत पर टीम के खिलाडिय़ों, प्रशिक्षकों व स्पोर्ट स्टॉफ के साथ-साथ राज्य हैंडबॉल संघ के पदाधिकारियों को इस उपलब्धि पर बधाई। उन्होंने टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। जल्दी ही जयपुर में समारोह आयोजित कर इन्हें सम्मानित किया जायेगा।

राजस्थान टीम:- आरती (कप्तान), कशिश शर्मा, तनु शर्मा (जयपुर हैंडबॉल एकेडमी), नौरती मेवड़ा, टीना, पूजा जाट, ममता, मुस्कान, चेतना शर्मा, सीमा मीणा, माया (जयपुर), निकिता गोदारा (दुलमाना हैंडबॉल अकैडमी-हनुमानगढ़), राज कंवर (चूरू), ज्योति (श्रीगंगानगर), कृष्णा कलाल (बांसवाड़ा), कुसुम (करौली), जुवेरिया (टोंक), महिमा (सीकर)। कोच: प्रियदीप सिंह खंगारोत, मैनेजर: सुश्री पूजा।

बिहार के राजगीर में होग पुरुष हॉकी एशिया कप

नई दिल्ली, 31 मार्च। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सोमवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड में 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता हैइस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी और शेष दो टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करने का प्रयास करेगी।इस टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया ने आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये।

इस अवसर पर बिहार के खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने राजगीर की मेजबानी को लेकर कहा, हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बिहार के प्रमुख खेल स्थल बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए गर्व का क्षण है और हम टूर्नामेंट के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है। स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप है, और मुझे विश्वास है कि यह खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक रोमांचक माहौल प्रदान करेगा।

लेफ्टिनेंट जनरल हिम्मत सिंह मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट सम्पन्न

गिर्राज सिंह खड़का रहे टूर्नामेंट के प्रो-ग्रॉस विनर

जयपुर, 31 मार्च। रामबाग गोल्फ क्लब में दो दिवसीय लेफ्टिनेंट जनरल हिम्मत सिंह मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट (मंथली मेडल - प्रथम) का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। टूर्नामेंट में गिर्राज सिंह खड़का प्रो-ग्रॉस विनर और अभ्युदय रावत प्रो-ग्रॉस रनर-अप रहे। वहीं अमैच्योर ग्रॉस विनर का खिताब मोहित गोठवाल और अमैच्योर ग्रॉस रनर-अप का पुरस्कार अभय मालावत ने जीता। पुरस्कार समारोह में अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उप विजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल हिम्मत सिंह के पोते, विजय सिंह; पूर्व कैप्टन कमलाकर शर्मा; रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन योगेंद्र सिंह; मानद सचिव, समृद्ध शर्मा और टूर्नामेंट संयोजक, डॉ. हिमांशु शर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। हैंडीकेप्स श्रेणियों में विजेता और उपविजेता इस प्रकार रहे- हैंडीकैप कैटेगरी (00-09) में अर्जुन कुच्छल विजेता और हृदान सरावगी उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी (10-16) के विजेता रोहित स्वामी और उपविजेता आशुतोष वशिष्ठ थे और हैंडीकैप कैटेगरी (17-24) धृषवराज विजेता और विकास धमामी उपविजेता रहे। टूर्नामेंट में बेस्ट सीनियर गोल्फर श्रेणी में विजेता प्रदीप मेहरा और उप विजेता सुनील सिंह रहे। वहीं बेस्ट लेडी गोल्फर के विजेता का पुरस्कार नितिका जडेजा ने हासिल किया और उपविजेता वृंदा सैनी रहीं। इसी प्रकार, सीनियर लेडी गोल्फर श्रेणी में डॉ अंजलि जैन विजेता बनीं। इसी प्रकार अन्य श्रेणियों में विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं- नियरेस्ट टू पिन के विजेता संजय फोफालिया और सुनील सिंह; लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता मनोविराज सिंह और मोहित गोठवाल और विमंस लॉन्गेस्ट ड्राइव- की विजेता इति चौधरी रहीं। इसी तरह स्ट्रेटेस्ट ड्राइव के लिए पुरस्कार कुणाल सिंह ने जीता।